में भारत को उर्वरक सप्लाई कर रहें हैं वे निम्न हैं :-

1 — रूस

2 — जर्मन गणराज्य संघ

3 — बुलगारिया

4 — रूमानिया

5 हंग्री

6 — पोलैंड ।

**असिंचित क्षेत्र**

*1196. **श्री देवराव पाटिल** : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने असिंचत क्षेत्रों और वहां पर बोई नई फसलों के सर्वेक्षण के लिए कोई योजना तैयार की है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

**खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे)** : (क) और (ख). एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

**विवरण**

प्रत्यक्ष रूप से इस प्रश्न का सम्बन्ध भूमि सर्वेक्षण की उस योजना से है जिसके अन्तर्गत एक क्षेत्र की मिट्टी का उसकी विशेषता जानने के लिए अध्ययन किया जाता है और उसकी क्षमता के आधार पर कृषि तथा अन्य प्रयोजनों हेतु उसके प्रयोग के लिए उसकी व्याख्या की जाती है । यद्यपि केवल मात्र असिंचित क्षेत्रों के लिए भूमि सर्वेक्षण करने के लिये कोई विशेष योजना नहीं है तथापि सर्वेक्षण होने वाले क्षेत्रों के अन्तर्गत आने वाली भूमि का समावेश सम्यक् रूप से कर लिया जाता है और असिंचित क्षेत्रों के लिए भी मिट्टी व भूमि उपयोग के मानचित्र तैयार किये जाते हैं । मौजूदा भूमि के उपयोग और सर्वेक्षण हुए क्षेत्रों में उगाई गई फसलों से सम्बन्धित उपलब्ध आंकड़े भी एकत्रित किये जाते हैं ।

अखिल भारतीय मिट्टी व भूमि उपयोग सर्वेक्षण की एक केन्द्रीय स्कीम है जिसके अन्तर्गत मुख्यतः भूमि संरक्षण योजनाओं की तैयारी हेतु उपयोग में लाये जाने वाले मिट्टी व भूमि उपयोग के मानचित्र तैयार करने के लिये चुनी हुई नदी घाटी परियोजनाओं के जलग्रह क्षेत्रों में अग्रता प्राप्त क्षेत्रों में भूमि सर्वेक्षण कार्य हो रहा है । भूमि सर्वेक्षण के समय इन नदी घाटी परियोजनाओं के जलग्रह क्षेत्रों के अन्तर्गत आने वाले असिंचित क्षेत्रों का भी समावेश कर लिया जाता है ।

---

**Central Marine Fisheries Research Institute, Mandapam**

6896. SHRI MURASOLI MARAN : Will the Minister of FOOD AND AGRICULTURE be pleased to state :

(a) whether there is a move to shift the Central Marine Fisheries Research Institute from Mandapam ; and

(b) if so, the reasons therefor ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FOOD, AGRICULTURE, COMMUNITY DEVELOPMENT AND COOPERATION (SHRI ANNASAHIB SHINDE) : (a) The Estimates Committee of the Lok Sabha in its Thirty Sixth Report has suggested that a study team consisting of representatives from the Central Government, the Institute and the concerned State Governments may be appointed to go into the question of the location of the headquarters of the Central Marine Fisheries Research Institute in all its ramification before arriving at a final decision.

(b) The reason for this suggestion is that in Marine fisheries, which is essentially captured Fisheries, the basic research work would have to be carried out on areas of occurrence of the main fisheries and the area at Mandapam does not possess any sizeable fisheries of commercial magnitude.

**Telephone Extension to Agaly**

6897. SHRI P. VISHWAMBHARAN :
SHRI MANGLATHUMADAM :

Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state :

(a) when the telephone extension to